दिनांक : 02.06.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री आज नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ की वार्षिक बैठक में लेंगे हिस्सा।
- खंडवा जिला देश में जल संचय जन भागीदारी अभियान के तहत जल संचय करने वालों में प्रथम स्थान पर।
- विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत प्रदेश में कार्यक्रमों का आयोजन जारी।
- आईपीएल क्रिकेट में पंजाब किंग्स मुंबई इंडियंस को हराकर पहुंचा फाइनल में। कल अहमदाबाद में रॉयल चेलेंजर्स से होगा मुकाबला।

प्रधानमंत्री-आईएटीए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ -आईएटीए की 81वीं वार्षिक आम बैठक में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। यह बैठक कल शुरू हुई और मंगलवार को संपन्न होगी। अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन शिखर सम्मेलन विमानन उद्योग के समक्ष आने वाले प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करेगा। इनमें एयरलाइन उद्योग की अर्थव्यवस्था, हवाई संपर्क, ऊर्जा सुरक्षा, सतत विमानन ईंधन उत्पादन, कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कम करने के प्रयासों के लिए वित्तपोषण और नवाचार इत्यादि शामिल हैं।

खंडवा-जल संचय

केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे "जल संचय, जनभागीदारी" अभियान में खंडवा जिले ने जल संचय करने वालों में देश में प्रथम स्थान हासिल किया है। राज्यों की श्रेणी में प्रदेश चौथे नंबर है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने प्रदेश और जिलों की रैंकिंग जारी की है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खंडवा के नागरिकों,जन-प्रतिनिधियों और शासकीय अमले को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि जल संरक्षण सरकार की प्राथमिकता है। जल गंगा संवर्धन अभियान के राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी अविप्रसाद ने बताया कि खंडवा जिले में 1 लाख 29 हजार 46 से अधिक संरचनाओं का निर्माण एवं पंजीकरण किया गया है। जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग ने 6 सितंबर 2024 को जल शक्ति अभियानः कैच द रेन के तहत जल संचय, जन भागीदारी पहल की शुरुआत की गई।

विकसित कृषि संकल्प अभियान"

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने "विकसित कृषि संकल्प अभियान" के तहत कल उत्तर प्रदेश में मेरठ के जंगेठी गांव में किसानों से संवाद किया। उन्होंने किसानों को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज देश के विकास में कृषि का महत्वपूर्ण योगदान है और यह क्षेत्र चार प्रतिशत से अधिक की विकास दर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि यह सीधे तौर पर 40 प्रतिशत से अधिक भारतीयों को आजीविका प्रदान कर रहा है और देश के सकल घरेलू उत्पाद में 18 प्रतिशत से अधिक का योगदान दे रहा है। कृषि मंत्री ने कहा कि वर्तमान में चल रहा "विकसित कृषि संकल्प अभियान" देश के किसानों को सीधे तौर पर नए कृषि अनुसंधान से परिचित कराएगा।

कृषि संकल्प यात्रा

प्रदेश में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन जारी है। कटनी के ग्राम गुलवारा में पहुंचे मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की कृषि एवं किसान कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। जिले में तीन टीमें ग्राम पंचायतो में पहुंचकर किसानों के साथ सीधे परस्पर चर्चा कर रही हैं। सतना जिले में कृषक हितार्थ योजनाओं, सामयिक तकनीकी जानकारी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, धान की सीधी बुवाई, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अऋणी कृषकों को जोड़ने, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, कृषि मशीनरी एवं ड्रोन का जीवंत प्रदर्शन, उद्यानिकी, पशुपालन आदि के बारे में ग्रामीण इलाकों में जानकारी दी जा रही हैं। गुना जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कल ग्राम-करीली, सिरसी, नयागॉव, धाननखेडी आदि जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सर्वदलीय दल

ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत आतंकवाद के खिलाफ भारत का सैद्धांतिक और दृढ़ रुख स्पष्ट करने के लिए, संसद सदस्यों के सात सर्वदलीय शिष्टमंडल विभिन्न देशों के दौरे पर हैं। शशि थरूर के नेतृत्व में शिष्टमंडल ब्राजील के ब्रासीलिया पहुंच गया है। शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में सर्वदलीय शिष्टमंडल लाइबेरिया में है। डीएमके सांसद कनिमोझी के साथ एक दल स्पेन के मैड्रिड में हैं। भारतीय जनता पार्टी सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में शिष्टमंडल लंदन पहुंच गया है। श्री प्रसाद ने कहा कि हम आतंकवाद के मामले पर भारत का पक्ष मजबूती से रखेंगे।

दुग्ध दिवस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश के दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश का योगदान 9 से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य लेकर सरकार कार्य कर रही हैं। कल विश्व दुग्ध दिवस मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश गौसेवा के संकल्प के साथ 'दुग्ध से समृद्धि' के पथ पर अग्रसर है। अंबेडकर कामधेनु योजना के अंतर्गत गोपालन करने वाले आर्थिक रूप से सशक्त होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के साथ मध्यप्रदेश सरकार ने अनुबंध किया है, जिससे प्रदेश के ग्रामों में दुग्ध सहकारी समितियां गठित कर दुग्ध उत्पादन में वृद्धि की जाएगी।

बाईट- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

आईपीएस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुलिस अधिकारियों के द्वारा खेदजनक व्यवहार की घटनाओं पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कटनी और दतिया के पुलिस अधीक्षक तथा चंबल रेंज के आईजी- डीआईजी को तत्काल प्रभाव से हटाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी साझा की है। इसके साथ ही कुल 10 आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। सचिन अतुलकर चंबल रेंज के आईजी और सुनील कुमार जैन को डीआईजी चंबल रेंज बनाया गया है। अभिनव विश्वकर्मा कटनी एसपी और सूरज वर्मा दतिया के एसपी बनाए गए हैं।

अच्छी खबर-झाबुआ

झाबुआ अंचल में पुलिस विभाग द्वारा न केवल अपराध पर नियंत्रण के प्रयास किये जा रहे हैं। वहीं सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं। जिले में शराब और दहेज के खिलाफ पुलिस विभाग के प्रयास पर और जानकारी हमारे झाबुआ संवाददाता से -

झाबुआ पुलिस अधीक्षक पद्म विलोचन शुक्ल ने लगभग साल भर पहले समाज जागरण अभियान के तहत आंचलिक सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए मिशन 3डी डीजे, दारू और दहेज के खिलाफ जागरूक करने के साथ ही त्यागने का संकल्प दिलाकर समाज को सुधारने का एक भागीरथी प्रयास कर रहे है। झाबुआ पुलिस अधीक्षक पद्म विलोचन शुक्ल ने आकाशवाणी को बताया कि ..

झाबुआ पुलिस अधीक्षक के इन प्रयासों से ज़िले में पिछले साल की अपेक्षा इस साल अभी तक अपहरण, बलात्कार, छेड़छाड़ और बलवा जैसे अपराधों में 13 प्रतिशत से 45 प्रतिशत तक की कमी आई है।

आईपीएल

आईपीएल क्रिकेट में पंजाब किंग्स फाइनल में पहुंच गई है। कल रात अहमदाबाद में क्वालीफायर टू मैच में पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 5 विकेट से हराया। पहले खेलते हुए मुंबई इंडियंस ने छह विकेट पर 203 रन बनाए। जवाब में पंजाब किंग्स ने 19 ओवर में 5 विकेट पर 207 रन बनाकर जीत का लक्ष्य हासिल कर लिया। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने सर्वाधिक 87 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

फाइनल मैच में कल अहमदाबाद में पंजाब किंग्स का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा।

समाचार संक्षेप में .....

- इंदौर जिले में असंक्रामक रोगों की रोकथाम के लिये संजीवनी प्रिवेंटिव हेल्थ चेकअप कार्यक्रम की शुरूआत 5 जून से होने जा रही है।
- गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कल अशोकनगर रोड क्षेत्र के प्रस्तावित विकास कार्यों और निमार्णाधीन ओवर ब्रिज की प्रगति का जायज़ा लिया।
- मंडला जिले में कल रामनगर के नर्मदा घाट में स्नान करने गए तीन युवकों की डूबने से मौत हो गई।
- श्योपुर जिले में हजारेश्वर महादेव महोत्सव के दौरान कल मेला रंगमंच पर अखिल भारतीय मुशायरे आयोजन किया गया।

-------